खास-खबरें

महाकाल के दरबार में शंकर महादेवन ने गुनगुनाया भजन, महामंडलेश्वर ने भी किए दर्शन



नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को भक्ति और संगीत की छटा देखने को मिली। प्रसिद्ध संगीतकार एवं गायक शंकर महादेवन पत्नी और परिजनों के साथ महाकाल मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर भजन गुनगुनाया। वहीं, महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज ने भी संतों के साथ गर्भगृह में दर्शन कर मंगलकामनाएं कीं। मंदिर प्रबंधन की ओर से दोनों विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक सम्मान किया गया। शंकर महादेवन ने चर्चा में बताया कि इससे पहले महाकाल महोत्सव के दौरान वे अकेले आए थे, क्योंकि उस समय घरेलू कारणों से पत्नी उनके साथ नहीं आ पाई थीं। इस बार परिवार और मित्रों के साथ भगवान महाकाल के दर्शन कर उन्हें मन की शांति और नई ऊर्जा मिली।

एसडीएम ने रैनबसेरा का किया औचक निरीक्षण, दो दिन में पुताई कराने के निर्देश



नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा : बस स्टैंड स्थित रैनबसेरा में यात्रियों को उपलब्ध सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनीष कुमार जैन ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन कर सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारी को रैनबसेरा में ठहरने वाले यात्रियों के लिए धुले हुए चादर और कंबलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने और नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को रात के समय भी किसी प्रकार की परेशानी न हो।

रायसेन में होटल और ढाबों पर आबकारी विभाग की दबिश, पांच प्रकरण दर्ज



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः जिले में होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट में अवैध मदिरा के संग्रहण एवं बिक्री पर नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान नौ ढाबों पर आकस्मिक दबिश देकर तलाशी ली गई, जिसमें पांच प्रकरण दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में 58 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई। यह अभियान 24 नवंबर को कलेक्टर रोहित सिसोनिया के आदेश एवं निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन में चलाया गया। आबकारी विभाग की टीम ने महाकाल ढाबा, ठाकुर ढाबा, इंद्रप्रस्थ ढाबा, राय ढाबा, राजपूत ढाबा, राजवीर ढाबा, बांसिया ढाबा, न्यू नेचर हिल्स ढाबा और पटेल ढाबा पर आकस्मिक दबिश देकर सघन तलाशी ली। अभियान में आबकारी उपनिरीक्षक शैलेंद्र भील (वृत्त रायसेन), सुनील कुमार मीणा (वृत्त बरेली), सहायक जिला आबकारी अधिकारी अपर्णा राव, गौरव भद्रसेन (वृत्त ओबेदुल्लागंज) एवं रविन्द्र अहिरवार (वृत्त बेगमगंज) सहित आबकारी विभाग की टीम शामिल रही।

गांव की बेटी रानू प्रजापति का राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन



नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदा : ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं खेल के मैदान में अपनी मेहनत और लगन से पहचान बना रही हैं। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय गिल्लौर की छात्रा रानू प्रजापति का राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए भोपाल संभाग की टीम में चयन हुआ है। उनकी उपलब्धि से विद्यालय और गांव में खुशी का माहौल है। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 1 से 5 दिसंबर तक सारंगपुर, जिला राजगढ़ में आयोजित होगी। इसमें रानू भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

रानू के चयन पर संस्था प्रभारी लक्ष्मीनारायण पेठारी, खेल शिक्षिका अंकिता विश्वकर्मा और विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

सीप-अंबर परियोजना की सौगात के साथ क्या भैरूंदा को मिलेगा जिले का दर्जा?

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज भैरूंदा में



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः भैरूंदा आज प्रदेश की राजनीति और विकास की दृष्टि से अहम दिन का साक्षी बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एक मंच से 536.23 करोड़ रुपये की सीप-अंबर सिंचाई परियोजना सहित 577 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इन विकास कार्यों के बीच क्षेत्रवासियों की निगाहें भैरूंदा को जिला बनाने की मांग पर भी टिकी हैं।

पिछले कुछ दिनों से भैरूंदा को जिला बनाने की मांग लगातार तेज हुई है। प्रशासनिक पुनर्गठन की चर्चा के बीच क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के समक्ष यह मांग प्रभावी ढंग से रखी जाएगी और भविष्य में इस दिशा में सकारात्मक पहल हो सकती है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भैरूंदा और बुधनी क्षेत्र से लगभग साढ़े तीन दशक पुराना राजनीतिक संबंध रहा है। ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि वे अपने पुराने राजनीतिक क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रख सकते हैं।

जनप्रतिनिधियों की पहल से मजबूत हो सकती है मांगः क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि यदि विधायक रमाकांत भार्गव, आदिवासी वित्त एवं विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सुनील बारेला तथा निगम अध्यक्ष रवि मालवीय एकजुट होकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के समक्ष भैरूंदा को जिला बनाने का प्रस्ताव रखें, तो मांग को और मजबूती मिल सकती है।

जिला बनने से विकास की संभावनाएंः भैरूंदा को जिला बनाए जाने की मांग प्रशासनिक सुविधा के साथ विकास से भी जुड़ी है। जिला बनने पर कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय, जिला स्तरीय कार्यालय, उच्च शिक्षण संस्थान, तकनीकी शिक्षा केंद्र और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। साथ ही उद्योग और रोजगार के अवसर भी विकसित हो सकते हैं।

करीब 4.5 लाख से अधिक आबादी, 341 गांव और लगभग 1,744 वर्ग किलोमीटर के संभावित क्षेत्रफल के आधार पर क्षेत्रवासी लंबे समय से जिला बनाने की मांग कर रहे हैं।

आज के आधिकारिक कार्यक्रम में जिला बनाने की घोषणा का उल्लेख नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री की संयुक्त मौजूदगी से क्षेत्रवासियों की उम्मीदें बढ़ी हैं। अब देखना होगा कि विकास योजनाओं की सौगात के साथ इस मांग पर भी कोई सकारात्मक संकेत मिलता है या यह मुद्दा आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया के लिए लंबित रहता है।

76 गांवों को मिलेगा सिंचाई का लाभ

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री 536.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इससे भैरूंदा विकासखंड के 76 गांवों की 30,091 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसके अलावा 41.44 करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। परियोजना के प्रथम चरण में 346.12 करोड़ रुपये की लागत से 16.57 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जिससे 47 गांवों की 15,284 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। दूसरे चरण में 190.11 करोड़ रुपये की लागत से 24.09 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से 29 गांवों की 14,807 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। निर्माण एजेंसियां अगले पांच वर्षों तक परियोजना का संचालन और रखरखाव भी करेंगी।

चंदेरी में हेरिटेज हवाई यात्रा आयोजन पर उठे सवाल, चुनिंदा लोगों को मौका देने का आरोप

चंदेरी। विश्व विरासत सप्ताह के अंतर्गत चंदेरी में आयोजित हेलीकॉप्टर जॉय राइड को लेकर सवाल उठाए गए हैं। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग, पर्यटन बोर्ड और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में चंदेरी हेलीपैड से हेलीकॉप्टर के जरिए ऐतिहासिक स्मारकों और प्राकृतिक स्थलों को आसमान से दिखाने की व्यवस्था की गई थी। बताया गया कि कार्यक्रम के तहत दो जॉय राइड संचालित की गईं, जिनमें पहली उड़ान में छह लोगों को शामिल करने की योजना थी। हालांकि, इस आयोजन में आम लोगों की सहभागिता सीमित रहने को लेकर नाराजगी जताई गई है। स्थानीय स्तर पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि विश्व विरासत सप्ताह जैसे आयोजन का लाभ आम नागरिकों को भी मिलना चाहिए था। आरोप है कि हवाई यात्रा का अवसर चुनिंदा प्रभावशाली और अधिकारियों व नेताओं के करीबी लोगों तक सीमित रहा। आलोचकों का कहना है कि यदि उन लोगों को मौका दिया जाता, जो आर्थिक रूप से हवाई यात्रा करने में सक्षम नहीं हैं और जिनके लिए हेलीकॉप्टर में सफर करना सपना है, तो आयोजन अधिक यादगार बन सकता था।

न्यायालय परिसर में संविधान की उद्देशिका का वाचन, मूल आदर्शों के प्रति जताई प्रतिबद्धता



नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व, गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र मालवीय ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने संविधान के मूल सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश प्राणदीप ठाकुर, न्यायाधीश ललित कुमार मईडा, अंकिता नागर सहित न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता तथा समानता के आदर्शों को दोहराया।

इस अवसर पर संविधान के महत्व और उसके मूल भाव को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। यह नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के माध्यम से संविधान के प्रति सम्मान, लोकतांत्रिक चेतना और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

तीसरे वर्ष में फिर सजेगा चक्रवर्ती श्रीसीताराम विवाह महोत्सव

गंजबासौदा। नगर में लगातार तीसरे वर्ष चक्रवर्ती श्रीसीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में धार्मिक परंपराओं, मांगलिक रस्मों और भक्ति उत्सव की झलक देखने को मिलेगी। 6 दिसंबर को लगुन की रस्म के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा, जबकि 14 दिसंबर को विवाह पंचमी के अवसर पर भव्य श्रीराम बारात निकाली जाएगी। महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को क्लब पार्क स्थित स्व. अनिल यादव स्मृति प्रेस क्लब भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि श्रीराम रसधारा परिवार एवं नगर के श्री सीताराम नाम संकीर्तन पीठ के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष आयोजन को विशेष भव्यता प्रदान की जा रही है। विवाह की पारंपरिक रस्मों के अनुसार विभिन्न मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन और आरती कर श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ



नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चर्च वाली गली, बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र पर सोमनाथ शिव परमपिता परमात्मा के शिवलिंग का आगमन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से शिवलिंग के दर्शन किए और विधिवत आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, सुख और शांति की कामना की। इस अवसर पर सेवा केंद्र से जुड़ी ब्रह्माकुमारी बहनों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने परमात्मा शिव की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा शिव निराकार ज्योति स्वरूप, परम पवित्र, सर्वशक्तिमान और कल्याणकारी हैं। शिव का अर्थ ही कल्याणकारी है। जब संसार में अधर्म, अशांति और नकारात्मकता बढ़ती है, तब परमात्मा शिव मनुष्य आत्माओं को सत्य ज्ञान और राजयोग की शिक्षा प्रदान करते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन में पवित्रता, शांति, प्रेम और सुख का अनुभव किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शिवलिंग परमात्मा शिव की यादगार है। सच्ची आराधना केवल बाहरी पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि परमात्मा के दिव्य गुणों को जीवन में धारण करना है। मन को स्वच्छ रखकर श्रेष्ठ कर्म करना और दूसरों के प्रति शुभभावना रखना ही जीवन को सार्थक बनाता है।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव सभी आत्माओं के परमपिता हैं। उनका दिव्य ज्ञान मनुष्य को अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से मन शांत, बुद्धि श्रेष्ठ और संस्कार पवित्र बन सकते हैं।

उन्होंने सभी से परमात्मा की शिक्षाओं को जीवन में अपनाकर विचारों में पवित्रता, व्यवहार में मधुरता और कर्मों में श्रेष्ठता लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक जागृति और आत्मिक शांति का प्रेरणादायी अवसर बताया। अंत में सभी ने विश्व में सुख, शांति, प्रेम, सद्भावना और पवित्रता की स्थापना की कामना की।

भाजपा कार्यालय पर मनाया संविधान गौरव दिवस



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः भारतीय जनता पार्टी सीहोर द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान गौरव दिवस जिला कार्यालय पर मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन? करने के साथ ही बाबासाहेब 'अमर रहें - अमर रहें' के नारों के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि आज संविधान गौरव दिवस के अवसर पर हम भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हैं। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें सिखाता है कि समाज में कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष करते हुए सामाजिक न्याय और समानता का संदेश दिया।

जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी बाबासाहेब अम्बेडकर को नमन करते है। मोदी सरकार द्वारा ही बाबासाहेब अम्बेडकर के पंचतीर्थ का निर्माण कराया गया है। अजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि नागले ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का प्रसिद्ध संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' आज भी प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ गगन नामदेव ने कहा कि भाजपा सरकार ने बाबासाहेब को भारत रत्न दिया। बाबासाहेब हमारे प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलना है।

कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का भी वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशाल पाटीदार द्वारा किया गया। अंत में आभार मण्डल महामंत्री सीमा सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर, अजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि नागले, जिला मंत्री प्रीति सोनी, डॉ गगन नामदेव सहित भाजपा मण्डल पदाधिकारी सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

महिला पॉलिटेक्निक में मनाया संविधान दिवस

सीहोर। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत-युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। माय भारत एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में हुए आयोजन में छात्राओं को संवैधानिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव तथा विशेष अतिथि एसडीएम तनय वर्मा, जिला युवा अधिकारी प्रज्ञाका जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के सामूहिक गायन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सीईओ सर्जना यादव ने कहा कि जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूकता के साथ संवैधानिक कर्तव्यों का पालन भी जरूरी है।

कन्या विद्यालय में टीएलएम मेले का आयोजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः नगर की पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) मेले का आयोजन किया गया। मेले में शिक्षकों और छात्राओं द्वारा तैयार की गई विभिन्न विषयों पर आधारित शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस त्यागी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान शिक्षकों ने सामग्री की उपयोगिता, नवाचार, विषयवस्तु, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा शिक्षण प्रक्रिया में इसके प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी।

विद्यालय के शिक्षकों द्वारा निर्मित एवं संकलित शिक्षण अधिगम सामग्री की आकर्षक और सुव्यवस्थित प्रदर्शनी ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। टीएलएम के माध्यम से विषयों को सरल, रोचक और व्यावहारिक तरीके से समझाने के प्रयासों को सराहा गया। इस अवसर पर विकासखंड केंद्र स्रोत समन्वयक श्रीमती महजबीं सिद्दीकी भी उपस्थित रहीं।

संविधान हमारा आईना है, लोकतांत्रिक मूल्यों और कर्तव्यों का प्रतिबिंब : साक्षी जैन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः संविधान दिवस के अवसर पर वीणांचल एकेडमी स्कूल फॉर गर्ल्स में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने भारतीय संविधान के इतिहास, प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और संविधान के विभिन्न भागों पर संवाद करते हुए जानकारी साझा की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साक्षी जैन ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश का आईना है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतिबिंब है। संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय के साथ मिल-जुलकर रहने की सीख देता है। उन्होंने विद्यालय में संचालित संविधान सीरीज की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों को संविधान के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराने की अनूठी पहल बताया।

कार्यक्रम में मनीषा शर्मा, पावनी पंवार, काशमी नाज, सुप्रिया पंवार, मेघा जाट और प्राची पटेल ने संविधान निर्माण का इतिहास, प्रस्तावना, संघ एवं राज्य क्षेत्र, नागरिकता, मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों पर जानकारी दी। खास बात यह रही कि कार्यक्रम में छात्राएं ही मुख्य वक्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता राजेश पारासर ने की। संयोजन सहजकर्ता अजय पटेल एवं मुकेश पंवार ने किया, जबकि संचालन रवि पंवार ने किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष के.एल. पंवार, प्राचार्य नसरीन खान सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

महाबोधि महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

रायसेन। जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सांची में 28 और 29 नवंबर को आयोजित होने वाले महाबोधि महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सांची स्तूप परिसर, जम्बू द्वीप पार्क और चिन्हित पार्किंग स्थलों का भ्रमण कर आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव के आयोजन से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

संगोष्ठी संकल्प केन्द्र में दो दिवसीय संविधान दिवस का शुभारंभ

संविधान केवल दस्तावेज नहीं, हर नागरिक के सम्मानः राहुल सिंह



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः भारतीय संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान, अधिकार, स्वतंत्रता और समानता की पहचान है। हमारा संविधान हमें न केवल अधिकार प्रदान करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का भी बोध कराता है।

संविधान में निहित आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर ही हम एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रति जागरूक होना चाहिए और उसके द्वारा दिए गए अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में आयोजित दो दिवसीय संविधान दिवस समारोह के शुभारंभ अवसर पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान के महत्व और उसकी मूल भावना को स्मरण करते हुए किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, लोकतांत्रिक व्यवस्था, मौलिक अधिकारों, नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संविधानों में से एक है, जो देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है।

इस मौके पर भाजपा के युवा नेता धर्मेन्द्र माहेश्वरी और संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस केवल एक आयोजन या औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह उन महान विभूतियों के योगदान को याद करने का अवसर है, जिन्होंने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देकर समाज में भेदभाव रहित व्यवस्था स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

वक्ताओं ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्श भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं। इन मूल्यों को केवल पढ़ना या जानना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इन्हें अपने दैनिक जीवन और व्यवहार में उतारना भी आवश्यक है। युवाओं को विशेष रूप से संविधान का अध्ययन करना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ ही देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।